सार-समाचार

मेगा करियर काउंसलिंग कैंप सम्पन्न



उदयपुर, (कासं)। पेसिफिक यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय मेगा करियर काउंसलिंग कैंप का समापन सोमवार को हुआ। शिविर में आबू रोड, फालना, सुमेरपुर, सिरोही, पाली, जोधपुर, बाडमेर, राजसमंद, भीलवाडा, गंगापुर, चित्तौडगढ, रतलाम, मंदसौर, नीमच, नाथद्वारा, खेरवाडा, डूंगरपुर, बांसवाडा, सागवाडा, सलूंबर, प्रतापगढ, रेलमगरा, फतेहनगर, मावली, कोटा, रेवदर, जालौर में आयोजित करियर काउंसलिंग सत्रों और छात्रवृत्ति परीक्षा में 2500 विद्यार्थियों ने भाग लिया।सुबह 9 बजे से शुरू हुए काउंसलिंग सत्रों में छात्रों को विभिन्न विषयों और करियर विकल्पों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन मिला। केंद्र पर विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बनता था। इंजीनियरिंग, मेडिकल, मैनेजमेंट, लॉ, योगा, फाइन आर्ट्स, कंप्यूटर साइंस और होटल मैनेजमेंट जैसे विषयों में गहराई से चर्चा की गई और छात्रों को उनकी रुचि और क्षमताओं के अनुसार करियर चुनने की दिशा में सहयोग मिला। 11 बजे आयोजित छात्रवृत्ति परीक्षा में भारी संख्या में छात्रों ने भाग लिया जिससे यह स्पष्ट हो गया कि पेसिफिक यूनिवर्सिटी की यह पहल छात्रों के भविष्य निर्माण में मील का पत्थर साबित हो रही है। परीक्षा में चयनित छात्रों को 90 प्रतिशत तक की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। पेसिफिक यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार शरद कोठारी ने आयोजन की सफलता पर खुशी जाहिर की। उन्होंने बताया कि छात्रवृत्ति परीक्षा उन मेधावी छात्रों के लिए एक नई आशा की किरण है, जो सीमित संसाधनों के बावजूद बडा सपना देख रहे हैं।

जलभराव से लोग परेशान

डूंगरपुर, (निसं)। डूंगरपुर में मंगलवार को दोपहर बाद आधे घंटे तक झमाझम बारिश हुई। बारिश के कारण शहर के कई निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई। इससे वाहन सवारों को परेशानी का सामना करना पडा। वहीं, तापमान में गिरावट आने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग ने बारिश का यलो अलर्ट जारी किया था। दोपहर करीब 2 बजे से खेडा, वसी, धावडी, देवसोमनाथ और दोवडा सहित आस-पास के गांवों में बारिश शुरू हुई। शहर में करीब 3 बजे के बाद बारिश का दौर शुरू हुआ। बारिश से तापमान में गिरावट आई। सुबह से गर्मी और उमस से परेशान लोगों को राहत मिली। बारिश के कारण शहर के कई निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई। पुराने शहर,महारावल स्कूल के सामने,शास्त्री कॉलोनी मार्ग और शहीद स्मारक पार्क के पास ब्रह्मस्थली कॉलोनी रोड पर पानी भर गया। इससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पडा। सुबह से आसमान में बादल छाए रहे, हालांकि बीच-बीच में धूप भी खिली।

एक गिरफ्तार, अवैध गांजा जब्त

उदयपुर, (कासं)। जिले के पानरवा एवं माण्डवा थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए करीब 25 किलों अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त कर एक आरोपी को पानरवा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। वहीं माण्डवा थाना पुलिस ने अवैध गाजे सहित बाईक जब्त कर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। जिला जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक राजेन्द्रसिंह के सुपरविजन में पानरवा थानाधिकारी धनपतसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए कमलाशंकर पुत्र हेमराज निवासी आशवाड़ा पारवा को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से 4 लाख रूपये का 8 किलों 400 ग्राम अवैध गांजा जब्त कर प्रकरण दर्ज किया। इसी तरह जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक राजेन्द्रसिंह राठौड़ के सुपरविजन में माण्डवा थानाधिकारी देवीलाल के नेतृत्व में गठित दल ने सोमवार को नाकाबंदी के दौरान कागवास की तरफ से आ रहे पुलिस को देख चालक बाईक छोड़ कर नदी की तरफ भागने लगा। जिसे पुलिस ने पिछा कर लेकिन चालक भाग गया। इस पर तलाशी ली तो बाइक की सीट में बधे कट्टे में 16 किलों 300 ग्रम अवैध गांजा मिला। पुलिस ने बाइक मय गांजा जब्त कर प्रकरण दर्ज किया।

वृद्ध दंपत्ति का नकदी से भरा बैग चोरी

उदयपुर, (कासं)। गोगुन्दा कस्बे में स्थित दुकान पर खरीददारी करने पहुंचे वृद्ध दंपत्ति का चोर नकदी से भरा बैग चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित सेमड़ सायरा निवासी नाथूसिंह (70)पुत्र दुल्हेसिंह व उसकी पत्नी मोहन कुंवर दोनों मंगलवार को एसबीआई बैंक में 1 लाख रूपये नकदी निकाल अपने साथ लेकर आए 75 हजार रूपये नकदी बैग में रख कर प्रताप चौक स्थित दुकान पर खरीददारी करने पहुंचे। जहां अपना नकदी से भरा बैग रख कर खरीददारी कर रहे थे। कुछ ही देर बाद रूपये देने के लिए बैग देखा तो मौके पर नहीं मिला।

लसानी में नदी बहाव क्षेत्र से हो रहा अवैध जल दोहन

राजसमंद, (निसं)। जिले की देवगढ तहसील अन्तर्गत ग्राम पंचायत लसानी में जल संकट गम्भीर रूप लेता जा रहा है। एक तरफ ग्रामीणों को 72 घंटे में एक बार पेयजल मिल रहा है वहीं दूसरी ओर कुछ प्रभावशसाली लोग नदी क्षेत्र में अवैध अवैध रूप से खादे गए 40 से अधिक कुंओं व नलकूपों से मोटरों के जरिए पानी का दोहन कर रहे है तथा इनसे खेतों में सिंचाई हो रही है जबकि ग्रामवासी पेयजल के लिए काफी परेशान हो रहे है। इसके चलते उच्च न्यायालय के आदेशों की अनदेखी हो रही है।

लसानी निवासी सेवानिवृत्त तहसीलदार तख्तसिंह चुण्डावत व भगवती प्रसाद टांक कलालों की आंती ग्राम से लसानी तक बहने वाली खारी नदी में कतिपय प्रभावशाली लोगों ने अवैध रूप से कुएं व नलकूप खोद रखे है। इस मामले को लेकर राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर में रीट याचिका दायर की गई थी जिस पर न्यायालय ने हाल ही 13 जनवरी 2025 को आदेश देते हुए नदी, नालों के जलग्रहण क्षेत्र व इनके बहाव क्षेत्र में अवैध निर्माण एवं जल दोहन पर अब्दुल रहमान बनाम राजस्थान राज्य मामले का हवाला देते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए थे प्रशासनिक अमला अब तक निष्क्रिय है। बताया गया कि इस मामले को लेकर उप मुख्यमंत्री को भी शिकायत की गई। उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा के उदयपुर प्रवाास के दौरान ग्रामीणों ने उनसे मिलकर मामले की गम्भीरता से अवगत कराया था।

ग्राम पंचायत लसानी क्षेत्र में कलालों की आंती ग्राम से लसानी तक बहने वाली खारी नदी पेटे में अवैध रूप से खोदे गए कुएं व जारी विद्युत कनेक्शन।

लोगों ने आग्रह किया था कि इस बारे में जिला कलक्टर को आदेश देकर वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के अन्तर्गत कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाए। चुण्डावत ने बताया कि इस सम्बन्ध में एक फरवरी को जिला कलक्टर को ज्ञापन भी दिया गया था।

इधर, गांव में पेयजल संकट के चलते जलदाय विभाग को गांव में टैंकरों से जलापूर्ति करनी पड रही है। अवैध पाइप लाइन के जरिए करीब तीन किलोमीटर तक दूर खेतों में सिंचाई की जा रही है। इसके चलते विभागीय कुंओं का जल स्तर गिरता जा रहा है तथा नियमित जलापूर्ति बाधित हो रही है। आखिरकार शिकायत के बाद भी प्रशासनिक अधिकारी इस मामले को क्यों अनदेखा कर रहें है, इसको लेकर क्षेत्र में खासी चर्चा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस बारे में कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन किया जाएगा।

स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार

बांसवाड़ा, (निसं)। राजतालाब थाना पुलिस व साईबर सेल की संयुक्त टीम ने बंदी बनाकर मारपीट करने व रूपयों की मांग कर जान से मारने की धमकियां देने वाले अभियुक्तों को त्वरित कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया। थानाधिकारी उपनिरीक्षक गंगाराम ने बताया कि 22 जून को प्रार्थी बलराम निवासी चुनाखोरा कुवानिया ने थाने में रिपोर्ट दी कि गणेषीलाल पाडला निवासी अषोक पुत्र हकरू, गुलाब पुत्र हकरू एवं दिलीप पुत्र नारिया ने प्रार्थी को उनके गांव गणेषीलाल का पाडला ले जाकर बंदी बनाकर मारपीट की एवं रूपये पैसे की मांग कर जान से मारने की धमकियां दी। जिस पर पुलिस अधीक्षक हर्शवर्धन अग्रवाला के निर्देषानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. राजेष भारद्वाज व वृताधिकारी गोपीचंद मीणा के सुपरविजन में थानाधिकारी गंगाराम के पर्यवेक्षण में साईबल सेल व राजतलाब की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्यवाही की। इस टीम ने अभियुक्त अषोक दायमा, गुलाब दायमा व दिलीप डामोर को डिटेनकर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया। इसी तरह अन्य मामले में थाने पर धारा 138 एनआई एक्ट के स्थाई वारंटी मोहम्मद रफीक खान पुत्र छोटे खान निवासी पृथ्वीगंज को भी गिरफ्तार कर न्यायालय में पेष किया गया।

'रथयात्रा की गरिमा व व्यवस्थाएं बनाए रखने में करें सहयोग'

उदयपुर, (कासं)। आगामी 27 जून को प्रस्तावित भगवान जगन्नाथ रथयात्रा को सुव्यवस्थित और शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित कराने को लेकर जिला मजिस्ट्रेट नमित मेहता और पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल की उपस्थिति में महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार शाम कलक्ट्रेट सभागार में हुई। इसमें रथ यात्रा से जुडी व्यवस्थाओं, सुरक्षा बंदोबस्त, यातायात व्यवस्था आदि पर सुझाव आमंत्रित करते हुए आवश्यक विचार-विमर्श किया गया।

प्रारंभ में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा ने सभी का स्वागत करते हुए गत दिनों आयोजित बैठक में लिए निर्णयों से अवगत कराया। ओझा ने बताया कि 27 जून को जगदीश मंदिर से मुख्य रथयात्रा अपराह्न 3 बजे प्रारंभ होगी, जो घंटाघर, बड़ा बाजार, भडभुजा घाटी होते हुए पुनः मंदिर तक पहुंचेगी। इसमें शहर के विभिन्न स्थलों से आने वाली झांकियां भी शामिल होंगी। इसके अलावा अस्थल मंदिर से रथयात्रा निकलेगी जो परंपरागत मार्ग से भ्रमण कर पुनः मंदिर पहुंचेगी। इसी प्रकार सविना क्षेत्र से भी रथयात्रा निकाली जाएगी तथा वह भी अपने निर्धारित मार्ग से भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर पहुंचेगी।

■ **शांति और सौहार्द के साथ सुव्यवस्थित रूप से निकले रथयात्रा : जिला पुलिस अधीक्षक**

ओझा ने रथयात्रा प्रारंभ होने से पूर्व जगदीश मंदिर पर दर्शनार्थियों की अपार भीड़ एकत्र होने के मद्देनजर सभी झांकियों को केवल रंगनिवास मार्ग से ही जगदीश चौक तक लाने के पूर्व बैठक में लिए गए निर्णय से अवगत कराया। जिला कलक्टर व एसपी ने उक्त निर्णय के संबंध में सदस्यों से सुझाव मांगे। बाद में सर्वसम्मति से उक्त निर्णय को अंतिम रूप दिया गया। इसके अलावा रथयात्रा में शामिल होने वाली झाकियों को छोटे वाहनों पर ही तैयार किए जाने, बड़े वाहनों का उपयोग नहीं करने, पुजारी परिवार के तय सदस्यों को ही मुख्य रथ पर चढ़ने की अनुमति दिए जाने, डीजे वाहनों पर युवाओं के चढ़ने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने आदि के भी निर्णय लिए गए। जिला कलक्टर मेहता व एसपी गोयल ने नगर निगम, पीडब्ल्यूडी, विद्युत निगम आदि विभागों के अधिकारियों को रथयात्रा आयोजकों की टीम के साथ पूरे रूट का पैदल भ्रमण कर आवश्यक सड़क मरम्मत, सफाई, अवैध पार्किंग हटवाने आदि सभी तरह की छोटी-बडी समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला कलक्टर मेहता ने कहा कि रथयात्रा आस्था और सद्भाव का प्रतीक है। उसकी गरिमा बनाए रखना तथा रथयात्रा को सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित करना हम सभी का सामूहिक दायित्व है। उन्होंने साथ ही दर्शनार्थियों की सुविधा का ध्यान रखते हुए आयोजकों सहित सभी संगठनों के पदाधिकारियों से व्यवस्थाएं बनाए रखने में पूर्ण सहयोग का आह्वान किया। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर वारसिंह, एसडीएम गिर्वा सोनिका कुमारी, स्मार्ट सिटी सीईओ कृष्णपालसिंह चौहान सहित सभी पुलिस अधिकारी, चिकित्सा विभाग, नगर निगम, पीडब्ल्यूडी, विद्युत निगम आदि विभागों के अधिकारी-प्रतिनिधियों सहित रथयात्रा से जुड़े विभिन्न धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिला कलक्टर ने कहा कि प्लास्टिक कैरीबेग सहित अन्य सामग्री के उपयोग से बहुत अधिक कचरा पसरता है।

सार-समाचार

दिमाग में कीड़े का उपचार

उदयपुर, (कासं)। पाली जिले के 57 वर्षीय रोगी को बार-बार दौरे पडने की गंभीर शिकायत थी। मरीज को पहले कई निजी हॉस्पिटल-जैसे जोधपुर, पाली, सुमेरपुर व अहमदाबाद-में दिखाया गया, लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ। दौरे दिन में कई बार आते थे और दवाइयों से नियंत्रित नहीं हो पा रहे थे। जब रोगी को गीतांजली हॉस्पिटल, उदयपुर लाया गया, तब न्यूरोलॉजी विभाग के विशेषज्ञ डॉ. निशांत अश्वनी द्वारा जाँच की गई। मरीज को भर्ती कर एमआरआई ब्रेन स्कैन किया , जिसमें यह सामने आया कि उसके मस्तिष्क में कई स्थानों पर कीडे हैं। यह संक्रमण अक्सर अशुद्ध पानी, अधपकी सब्जियों या अधपका मांस खाने से होता है। यह कीडे मस्तिष्क में पहुँचकर दौरे जैसी गंभीर स्थिति पैदा करते हैं। रोगी के लगातार दौरे और गंभीर स्थिति को देखते हुए हॉस्पिटल में भर्ती किया गया व न्यूरोलॉजी विभाग की डॉक्टर्स की टीम द्वारा दवाओं की मात्रा को वैज्ञानिक रूप से पुनः संतुलित किया गया।

लेकसिटी में मूसलाधार बारिश

उदयपुर, (कासं)। लेकसिटी के मौसम में घूली भारी उमस जिस तरह लोगों को पसीने से तर बतर कर रही थी यहीं उमस बादल बनकर जमकर उदयपुर में बरसी। लेकसिटी में मंगलवार को बादलों का डेरा तो सुबह से आसमान में रहा लेकिन भारी उमस लोगों को भिगोती रही। इस बीच दोपहर तक बारिश का इंतजार होता रहा और फिर शाम 4 बजकर 38 मिनट पर बारिश शुरू हुई। बारिश की शुरूआत मध्यम क्रम की रही और करीब 7 मिनट बाद यह मूसलाधार में बदल गई और 20 मिनट बरसात हुई। एक बार बारिश रूकने के बाद फिर बरसात शुरू हुई और तेज मूसलाधार की झड़ी ने मौसम को खुशनुमा कर दिया। बारिश का दौर रूक-रूक उदयपुर में 6.30 बजे तक चला।

कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति, अरनोद

Notice Inviting Bid (NIB/2025-26)

E-Bid sareinvited from manufacturers/direct importers/Authorized Dealer upto 5.00 P.M. of 27.06.2025 for procurement of Oil Testing Machine with Portable Moisture meter on Tender on behalf of office of the Secretary,Krishi Upaj Mandi Samiti, Arnod Details may be seen in the Bidding Document at the office of the Krishi Upaj Mandi Samiti, Arnodor State Public Procurement Portal website **"sppp.raj.nic.in" or https://eproc.rajasthan.gov.in"** or website **"https://agriculture.rajasthan.gov.in/dam/** " The bidding document may be downloaded from either of the above websites and uploaded duly filled in with payment of Rs. 1180/-(1000+18% GST) through banker's cheque/demand draft in favour of Secretary,Krishi Upaj Mandi Samiti, Arnod, payable at Arnod Details of bid are following: -

Sr.	Bid Title	NIB or UBN No.
1	Oil Testing Machine With Portable Moisture meter	NIB Code – DAM2526A0215 UBN : DAM2526GLOB00380

राज.संवाद/सी/25/4846 सचिव

कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)

Email:np_ntd@yahoo.co.in, nagarpalikanathdwara@gmail.com Ph.02953-233526

क्रमांक:न.पा.नाथ/तामीर/25/7490 दिनांक : 12.6.2025

-:आपत्तीय सूचना:-

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्ति द्वारा स्वायत्त शासन विभाग के ऑनलाईन पोर्टल पर पंजीकृत दस्तावेजो के आधार पर निम्नांकितभूखण्ड पर भवन -निर्माण स्वीकृति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन में वर्णित सम्पत्ति के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सूचना प्रकाशन के सात दिवस में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए नामान्तरण स्वीकृति की कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

क्र. सं.	नाम आवेदक मय पता	आवेदित सम्पत्ति का विवरण	पडौस			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1	श्री जगदीश वैष्णव पिता श्री लक्ष्मणदास वैष्णव निवासी भाटीयों का मौहल्ला पीपरडा तहसील व जिला राजसमन्द	नाकोडा नगर लाल बाग, नाथद्वारा भू.स.-02 क्षेत्रफल- 988.55 वर्गफिट	30 फिट रास्ता	भूखण्ड संख्या 01	भूखण्ड संख्या 03	30 फिट रास्ता

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा

धारदार हथियार से युवक की हत्या

राजसमंद, (निसं)। कांकरोली थाना क्षेत्र में भीलवाडा हाईवे पर प्रतापपुरा ब्रिज पर मंगलवार दोपहर दिनदहाडे एक युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गई। अज्ञात कार में सवार होकर आए हत्यारों ने पहले युवक की बाइक को कार से जोरदार टक्कर मारी, जब वो निचे गिर गया तो फिर धारदार हथियार से ताबडतोड हमला कर उसका गला रेत दिया। हमलावरों के वार से मृत युवक की गदर्न और एक हाथ में कट कर अलग हो गया, जो केवल चमडी पर ही लटक रहा था।

हालांकि पुलिस दुर्घटना की सूचना के आधार पर कांकरोली थाना अधिकारी हंसाराम सीरवी सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा। लेकिन मामला संदीग्ध होने पर सीआई हंसाराम सीरवी ने उच्च अधिकारियों को मामले से अवगत कराया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र पारीक भी मौके पहुंच गए और घटना की जानकारी ली। उसके बाद पहुंची फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। आरोपियों की धरपकड के लिए जिलेभर में नाकेबंदी कर दी गई है। इस जघन्य हत्याकांड ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। पुलिस जल्द से जल्द आरोपियों को पकडने का प्रयास कर रही है। वहीं सूचना के बाद शाम को मृतक के परिजन अस्पताल पहुंचे। रात होने के कारण शव को पोस्टमार्टम नहीं हो सका। अब बुधवार सुबह मेडिकल बॉर्ड से शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

कार्यालय ग्राम पंचायत कुंथवास, पंचायत समिति भीण्डर, जिला उदयपुर

क्रमांक:निविदा/2024-25/ग्र.प./ 11 दिनांक:24.06.2025

खुली ई निविदा सूचना 2025-26

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कुंथवास में डीएमएफडी अन्तर्गत स्वीकृत कुल 4 कार्य कुल राशि 26.46 लाख हेतु पंजीकृत संवेदको/फर्मो के माध्यम से ऑनलाईन ई निविदाएं आमंत्रित की जाती है जिसकी ऑनलाईन अपलोड करने की अंतिम दिनांक 26.06.2025 है। विस्तृत विवरण / जानकारी www.sppp.rajasthan.gov.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN N0 .ZUD2526WSOB01036, ZUD2526WSOB01037, ZUD2526WSOB01038, ZUD2526WSOB01039,

प्रशासक ग्राम पंचायत कुंथवास पं.स. भीण्डर-जिला-उदयपुर

ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत कुंथवास पं.स. भीण्डर-जिला-उदयपुर

ग्रीन केमेस्ट्री मात्र अवधारणा नहीं जीवन पद्धति है : प्रो. सारंगदेवोत

उदयपुर, (कासं)। राजस्थान विद्यापीठ विवि एवं भूपाल नोबल्स विवि के संघटक विज्ञान संकाय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रसायन विभाग की ओर से सोमवार को प्रतापनगर स्थित आईटी सभागार में मंगलवार को रसायन विज्ञान में नवाचार : हरित संश्लेषण और औषधि डिजाइन विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमीनार का समापन हुआ।

प्रारंभ में आयोजन सचिव प्रो. रेणु राठौड़ ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि दो दिवसीय सेमीनार में

■ **रसायन विज्ञान में नवाचार : हरित संश्लेषण और औषधि डिजाइन विषयक सेमिनार का समापन हुआ**

देश विदेश के 300 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। तकनीति सत्रों में 34 पेपर तथा 24 पोस्टर का प्रेजेंटेशन हुआ। बेस्ट पेपर वाचनकर्ता को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में अतिथियों द्वारा दो दिवसीय सोविनियर का लोकार्पण किया गया। उन्होंने बताया कि हाइब्रिड मोड़ पर हुए इस सेमीनार में यूएसएए, चीन साउथ अफ्रीका, लंदन, ऑस्ट्रेलिया, नेपाल,पुर्तगाल के रसायनविदों ने भाग लिया। जिसमें मुख्य रूप से ग्रीन केमेस्ट्री के संदर्भ में नेनो टेक्नोलॉजी, इंडस्ट्रियल एप्लीकेशन ऑफ एम्बोलाईस्ड एंजाइम, सोल जेल टेक्नोलॉजी, कैंसर ड्रग , हेटेरोगेनेसिस ऑफ होमोगेनोस केटेलिसिस पर पेपर प्रस्तुत किये गए।

रसायन विज्ञान में नवाचार : हरित संश्लेषण और औषधि डिजाइन विषय पर सेमीनार को संबोधित करते प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत।

मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने बताया कि ग्रीन केमिस्ट्री जीवन जीने की एक शैली है जो हम सभी को प्रकृति के साथ समरसता और समायोजन सिखाती है। जो नवाचारों के साथ पर्यावरण के संतुलन को महत्व दे कर मानव.प्रकृति के संबंधों को समायोजन बनाती है।

21वीं सदी में जब पर्यावरणीय संकट, जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण जैसी समस्याएँ मानव अस्तित्व के लिए चुनौती बन चुकी हैं, तब विज्ञान की भूमिका केवल खोज तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि अब यह जिम्मेदारी बन गई है कि विज्ञान प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करे। इसी दिशा में एक क्रांतिकारी अवधारणा है हरित रसायन। उन्होंने कहा कि ग्रीन केमेस्ट्री को जनमानस तक पहुंचाने और जीवन का हिस्सा बनने के लिए सर्वाधिक आवश्यकता जागरूकता की है जो की सामाजिक व्यवसायिक एव्यापारिक हर स्तर पर करनी होगी होगी।

कुलाधिपति भंवर लाल गुर्जर ने कहा कि शोध कार्य ओर सशक्त बनाने की जरूरत है, हमारा विकास शोध पर टिका हुआ है। जिसमें जनमानस को जोड़ने और दैनिक जीवन में उसके उपयोग को सीखाने की आवश्यकता है। डॉ. सबा खान, डॉ. प्रभात बारोलिया, डॉ. गंगोत्री पेमावत, डॉ. प्रधुम्मन सिंह राणावत तकनीकी सत्रों में पेपर और पोस्टर प्रेजेंटेशन की बारीकियों से परखा ।श्रेष्ठ प्रस्तुतियों को पुरस्कृत किया गया। पेपर प्रस्तुति मे अनिल गहलोत, कमलजीत यादव, पोस्टर प्रस्तुति प्रजापति प्रवीण, दिनेश बावसरी, रागिनी गंधर्व ,चेतन सिंह सोलंकी,कृष्णपाल सिंह राठौर, श्रेष्ठ जैन , मोहम्मद नदीम को पुरस्कार प्रदान किया । संगोष्ठी में डॉ सपना श्रीमाली, डॉ. गिरधरपाल सिंह, डॉ. जयसिंह जोधा, डॉ. मंगल श्री दुलावत, डॉ भावेश जोशी, डॉ. कृष्णपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

समीक्षा बैठक आयोजित

डूंगरपुर,(निसं)। डूंगरपुर नगर में संचालित सामाजिक सरोकार की कडी में गत 2 सितंबर 2018 से प्रारंभ हुई सबसे महत्वपूर्ण इकाई रोटी बैंक डूंगरपुर द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों के संबंध में एक समीक्षा बैठक का आयोजन रोटी बैंक के संरक्षक के के गुप्ता के निवास स्थान पर किया गया। बैठक में रोटी बैंक के साथ में हर व्यक्ति को जोडने और उनके सहयोग तथा समर्पण को लेकर चर्चा की गई। रोटी बैंक के संरक्षक गुप्ता ने कहा कि रोटी बैंक की स्थापना के समय से लेकर वर्तमान तक जो भी धनराशि हमारे द्वारा ट्रस्ट सदस्यों से ली गई थी, वह राशि आज भी सुरक्षित है तथा उसका ब्याज और नियमित रूप से आने वाली धनराशि से रोटी बैंक का संचालन आदिनांक तक नियमित रूप से सुचारु किया जा रहा है।

गुप्ता ने कहा कि रोटी बैंक के माध्यम से गरीब और बेसहारा लोगों को भोजन निशुल्क रूप से उपलब्ध करवाया जा रहा है वही लगभग 7 वर्षो से नियमित रूप से सेवाएं देने वाला राजस्थान प्रदेश का यह प्रथम अन्न क्षेत्र है। बैठक के दौरान पधारे हुए सभी समाजों और संगठनों के अध्यक्ष तथा प्रतिनिधियों के समक्ष श्री गुप्ता ने अपील की कि शहर के प्रत्येक व्यक्ति को रोटी बैंक के साथ जुडना चाहिए। यह वह कार्य है जिससे हमें बेसहारा और गरीबों का दुवाएं मिलता है तथा जीवन में आने वाली परेशानी और दुख से छुटकारा मिलता है। गुप्ता ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी क्षमता के अनुसार अपने और अपने परिवार जनों के जन्म दिवस तथा बुजुर्गो व पूर्वजों की पुण्यतिथि के अवसर पर रोटी बैंक में मात्र 3100 रुपए का आर्थिक सहयोग करके उस दिन का भोजन अपने नाम से गरीब और बेसहारा लोगों को करा सकते हैं। बैठक के दौरान यह भी चर्चा हुई की रात के समय में शहर में बीमार पडने पर किसी व्यक्ति को साधन के अभाव में हॉस्पिटल जाने में भारी समस्या का सामना करना पडता है, इसके समाधान के लिए गुप्ता द्वारा तुरंत ही घोषणा की गई कि चेंबर ऑफ कॉमर्स के वाहन को नियमित रूप से रात्रि 8 बजे से प्रातः 6 बजे तक निशुल्क रूप से उपलब्ध कराया जाएगा और इस वाहन की देखभाल हेतु तथा उचित सहयोग के लिए भारत विकास परिषद तिलक शाखा के अध्यक्ष श्री मुकेश श्रीमाल एवं सचिव चिराग व्यास द्वारा जिम्मेदारी ली है।

कार्यालय ग्राम पंचायत - कुण्डलावास , पंचायत समिति -सायरा, जिला-उदयपुर (राज.)

क्रमांक:-ग्रापकु/ई निविदा/2025-26 दिनांक-24.06.2025

-: ई निविदा सूचना संख्या:01/2025-26:-

ग्राम पंचायत कुण्डलावास, पंचायत समिति सायरा में "चार दीवारी निर्माण कार्य ग्राम पंचायत कुण्डलावास" के लिए ई निविदा दिनांक 30-06-2025 को सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसकी जानकारी कार्यालय समय पर एवं विभागीय साईट पर sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

NIB NO	ZUD2526A0917
UBN NO	ZUD2526WSOB01053

सरपंच ग्राम पंचायत कुण्डलावास पं.स.सायरा, जिला-उदयपुर

ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत कुण्डलावास पं.स.सायरा, जिला-उदयपुर